दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य

टीएल की बैठक में कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया, शासकीय कार्यालयों में सार्थक ऐप पर उपस्थिति दर्ज कराएं

नवभारत न्यूज

सागर 27 जुलाई. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया.

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए. समस्त अनुभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्राधिकार की तहसीलदार, नायब तहसीलदार अदालतों का नियमित निरीक्षण करें तथा ऑनलाइन व ऑफलाइन डेटा का शत-प्रतिशत मिलान सुनिश्चित करें. प्रतिलिपि शाखा में आवेदनों के निराकरण और लंबित मामलों को समाप्त करने के लिए पटवारियों को जिम्मेदारी

सौंपने के निर्देश दिए. भू-अर्जन से संबंधित शिकायतों का तेजी से समाधान करने तथा मुआवजा वितरण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए. विशेष रूप से बंडा सिंचाई परियोजना के लंबित मुआवजा प्रकरणों का अविलंब निराकरण करने के आदेश दिए. कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि राज्य शासन द्वारा शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु सार्थक ऐप प्रारंभ किया गया है. सार्थक ऐप अथवा शासन द्वारा अधिकृत अन्य उपस्थिति ऐप पर दर्ज उपस्थिति ही कर्मचारियों के मासिक वेतन का आधार होगी. इसके लिए समस्त विभाग प्रमुखों, जिला अधिकारियों एवं एसडीएम को कार्यालयों में सार्थक ऐप का कड़ाई से संचालन कराने के निर्देश दिए गए. सड़क सुरक्षा के प्रति प्रशासनिक गंभीरता दर्शाते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने अपने कार्यालयों के लिए विधिवत आदेश जारी करें, जिसके तहत कार्यालय में दोपहिया वाहन से आने वाले समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हेलमेट लगाना अनिवार्य किया जाए. सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों की संख्या शून्य करने और जिले की ओवरऑल रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए गए. किसी भी स्तर पर शिकायत के नॉन-अटेंडेड रहने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने की हिदायत दी गई.

समितियों को नोटिस

मूंग उपार्जन के उपरांत किसानों को समय पर भुगतान न होने पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष भुगतान तत्काल पूर्ण करें और आगामी समय-सीमा बैठक में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें. लापरवाही बरतने वाली समितियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. रबी उपार्जन के लंबित भुगतान को भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया. जिले में किसानों की मांग के अनुरूप खाद एवं उर्वरक की निर्बाध व सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए. फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाने और वी बी जी रामजी योजना को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया गया.

कटरा में चातुर्मास कलश स्थापना समारोह

नवभारत न्यूज

सागर 27 जुलाई. कटरा नमक मंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर मे विराजमान आचार्य श्री विभव सागर महाराज ससंघ का वर्षायोग चातुर्मास कलश स्थापित किया गया. मंगलाचरण से प्रारंभ समारोह का संचालन अशोक जैन पिडरूआ ने किया.

समारोह मे पांच प्रमुख कलशो के साथ साथ सात अन्य कलश स्थापित किए गए. प्रथम कलश दीपक कुमार, दिनेश कुमार सन्मती वस्त्र भंडार परिवार, द्वितीय कलश महेंद्र कुमार, मनीष कुमार, अक्षय बम्होरी, परिवार तृतीय मयूर कलश सेठ सुरेंद्र कुमार अंजू जैन बहरोल परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ. चतुर्थ कलश तीर्थ सुरक्षा कलश सुरेंद्र कुमार संतोष कुमार जैन घड़ी परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ.

इस अवसर पर गणेश प्रसाद वर्णी विकास संस्थान के द्वारा प्रकाशित पत्रिका युग दृष्टा का लोकार्पण कर आचार्य संघ को भेंट की गई. ब्रम्हचारी भैया खुश राजस्थान और आदित्य दमोह ने व्रत धारण करने की अनुमति के लिए आचार्य श्री को श्रीफल अर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया, वही चाहत और सोनम दीदी ने दीक्षा के लिए निवेदन आचार्य श्री को श्रीफल अर्पण किया. कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य विभव सागर महाराज की पूजन के साथ संपन्न हुई. इस अवसर पर ओम श्री माताजी ने कहा कि यह गुरु सेवा वर्षा योग है. अकेले साधु-संतों का नहीं श्रावको का भी चातुर्मास है आप सभी को इसमें शामिल होना है. आचार्य श्री के चरणों में गौराबाई मंदिर कमेटी के सदस्यों ने चातुर्मास के लिए निवेदन किया. ब्रम्हचारी पंडित जय कुमार निशांत ने कहा कि तीर्थ हमारी संस्कृति के संरक्षक है, कलश चार माह की साधना का प्रतिफल है, कलश नहीं मनोकामना है. कलश पूर्णता को प्राप्त होता है. सारे कार्यक्रम कलश के माध्यम से होते हैं. चातुर्मास में होने वाली प्रत्येक वर्गणायें कलश के माध्यम से आपके घर-घर तक पहुंचती है.

कार्यालयों का निरीक्षण किया

नवभारत न्यूज

गढ़ाकोटा 27 जुलाई. नवागत तहसीलदार संगीता सिंह ने कार्यभार ग्रहण करते ही क्षेत्र की व्यवस्थाओं और विभागीय कार्यप्रणाली का जायजा लेने के लिए विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण किया.

तहसीलदार की इस अचानक हुई कार्रवाई से प्रशासनिक अमले और विभागों में हड़कंप मच गया. निरीक्षण के दौरान कई विभागों में व्यवस्थागत कमियाँ और कार्य में अनियमितताएँ देखने को मिलीं. विभागों में अनियमितताओं को लेकर तहसीलदार ने सख्त रुख

अपनाते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को मौके पर ही सुधार करने के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट शब्दों में हिदायत दी कि शासकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जनता से जुड़े कार्यों का समय पर निराकरण करना और व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखना पहली प्राथमिकता होगी.

पूर्व मंत्री ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए

सागर. पिछले कुछ समय से धार्मिक स्थलों पर लगातार हो रही चोरी एवं सेंधमारी की घटनाओं ने जिले की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं. पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मंदिरों एवं अन्य धार्मिक स्थलों को लगातार निशाना बनाया गया है. बंडा स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर भगवान के चांदी के मुकुट,चांदी के छत्र,सोने का हार, कन्हैया जी की बांसुरी तथा दानपेटी से हजारों रुपये नकद चोरी कर लिए गए थे.

जीवन निर्वाह के लिए नहीं, निर्माण के लिए जिएं

नवभारत न्यूज

सागर 27 जुलाई. सिद्धचक्र महामंडल विधान मेंनिर्यापक मुनि श्री अभय सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य का जीवन केवल जीविका चलाने के लिए नहीं, बल्कि आत्मनिर्माण और चरित्र निर्माण के लिए होना चाहिए. भिखारी भी भीख मांगकर अपना जीवन निर्वाह कर लेता है, किंतु मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य धर्म, संस्कार और आत्मोन्नति है.

मुनिश्री ने कहा कि केवल घोषणा से कोई पूर्ण अधिकार प्राप्त नहीं होता. उन्होंने कहा कि जैसे राष्ट्रपति

चुनाव में निर्वाचित घोषित होने के बाद भी शपथ ग्रहण और हस्ताक्षर की विधि पूर्ण होने पर ही व्यक्ति विधिवत राष्ट्रपति कहलाता है, उसी प्रकार आध्यात्मिक जीवन में भी योग्यताओं की पूर्णता आवश्यक होती है. उन्होंने कहा कि भोजन केवल शरीर का पोषण नहीं करता, बल्कि मन और संस्कारों को भी प्रभावित करता है, भोजन कराते समय अनावश्यक बातचीत या कटु चर्चा नहीं करनी चाहिए. प्रेमपूर्वक परोसा गया भोजन अमृत के समान होता है, नकारात्मक वातावरण में ग्रहण किया गया भोजन धीमे विष की तरह प्रभाव डालता है.

अघोषित विद्युत कटौती से परेशान

नवभारत न्यूज

बंडा 27 जुलाई. नगर सहित ग्रामीण अंचलों में लोगों को अघोषित बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ रही है. नगर में तो दिन रात बिजली की आंख मिचोली के चलते नगर वासी खासे परेशान है.

जानकारी के अनुसार हर 1- 2 घंटे में बिजली गुल होती रहती है. सबसे अधिक परेशानी नगर के वार्ड क्रमांक 11 में देखने को मिल रही है, जहां पर वर्षों पुरानी केबिल में बार-बार फाल्ट होता रहता है जिससे घंटे बिजली गुल रहती है और यदि बिजली आती भी है तो लो वोल्टेज के कारण घरों में लगे सीएफएल बल्ब जुगनू की तरह टिमटिमाते नजर आते हैं. वार्डवासी नरेंद्र गोस्वामी ने बताया कि शिकायत करने पर एक-दो दिन के लिए सुधार हो जाता है, फिर वही आलम हों जाता है. महाराज सिंह लोधी का कहना है कि कई माह से ऐसा कोई दिन नहीं बीता जिस दिन कदम चौक वार्ड की शिकायत विद्युत मंडल में ना की गई हों. मुख्य कार्यपालन अभियंता मयंक मरकाम का कहना है कि इस संबंध में श्री पांडे से जानकारी लेकर शीघ्र ही निराकरण करवाते हैं.

एक नजर में

विवि कर्मियों की बैठक में लिए गए निर्णय

सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के नॉन टीचिंग एम्पलाईज वेलफेयर ऐसोसिएशन द्वारा ऐसोसिएशन की बैठक में लिए गए निर्णय के परिपालन में एसोसिएशन द्वारा सुरक्षा-व्यवस्था के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा विभागों में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था कराने के साथ ही कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा हेल्थ कार्ड बनाने को लेकर मुख्य प्रशासनिक भवन के सामने तख्तीयों पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी नारें लिखकर डॉ. गौर के नारों के साथ शांति पूर्ण प्रदर्शन किया गया.

गौ माता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिलाने ज्ञापन

रहली. गौ सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण में गौमाता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने की मांग को लेकर किले वाले दादा दरवार में आयोजकों ने अभियान की शुरुआत सामूहिक संकीर्तन से की. इस दौरान बालसुख आशीष महाराज ने गौ माता के बारे में लोगों को जानकारी दी एवं गौ माता को राष्ट्र माता दर्जा दिलाने वाली मांगों पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में राजेंद्र जारोलिया, रचित दुबे, राकेश रैकवार, राहुल गोस्वामी, डॉ गजेंद्र ठाकुर, नरेंद्र मनकेले, विवेक शुक्ला उपस्थित रहे.

नैनागिरी में सम्मानित किया गया

सागर. जैन सिद्ध क्षेत्र नैनागिर में अष्टानिका महापर्व पर आयोजित श्री सिद्ध चक्र विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में सुरेश कुमार, पूर्व कलेक्टर एवं न्यायमूर्ति श्रीमती विमला जैन के संयोजकत्व में श्री नैनागिर ट्रस्ट कमेटी और प्रबंध कमेटी ने वर्तमान में मनोनीत हुई. अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन परिषद की केंद्रीय अध्यक्ष शकुंतला जैन का सम्मान पत्र भेंटकर सम्मान किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.एसके जैन ने की. कमेटी के मंत्री देवेंद्र जैन लुहारी ने संचालन किया. क्षेत्र के वरिष्ठ प्रबंधक कंछेदी लाल ने क्षेत्र के महत्व और अतिशय पर प्रभावी प्रकाश डाला. पंडित अशोक बमोरी, पंडित कोमल चंद्र, केंद्रीय संपादिका श्रीमती मीना प्रधान ने उद्बोधन दिया. कमेटी ने महेंद्र कुमार जैन पड़वार, देवेंद्र कुमार जैन पड़वार, डॉ विजय कुमार जैन, मनीष जैन,केंद्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती रश्मि जैन, उपाध्यक्ष श्रीमती ममता जैन, श्रीमती मीना प्रधान, मंत्री श्रीमती ज्योति सराफ, श्रीमती सुनीता पड़वार, श्रीमती कल्पना जैन, श्रीमती प्रभा जैन, श्रीमती महिमा सिंघई, श्रीमती मनीषा जैन, श्रीमती अनीता जैन, श्रीमती प्रभा जैन सहित उपस्थित सभी केंद्रीय पदाधिकारियों को सम्मानित किया.

सीसीटीवी कैमरों से सुसज्जित हो रहे हैं ग्राम पंचायत कार्यालय

नवभारत न्यूज

रहली 27 जुलाई. 3.5 करोड़ रुपये की लागत वाले पंचायतों का मुख्यालय तीन मंजिला अत्याधुनिक जनपद पंचायत भवन के बाद यहां ग्राम पंचायतें भी हाईटेक होने लगी हैं.

व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से क्षेत्र की करीब एक दर्जन ग्राम पंचायतों को सीसीटीवी कैमरों से लैस कर दिया गया है. ग्राम पंचायत हरदी के सचिव यशवर्धन पटैरिया ने बताया कि पंचायत के दैनिक कार्यों में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ग्राम सभा में सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया था. इसके तहत पंचायत परिसर में 5 हाई डेफिनिशन कैमरे स्थापित किए गए हैं. अन्य पंचायतों ने भी अपने परिसरों को कैमरों की निगरानी में ला दिया है. गुंजौरा पंचायत के सचिव कृष्णा नायक के प्रयासों से डिजिटल निगरानी शुरू की गई है. उदयपुरा सचिव अमित सोनी एवं सरपंच की पहल पर कैमरे स्थापित किये जा चुके है.

मंदिर में विशेष अभिषेक

सागर. आषाढ़ माह के पांचवे मंगलवार को श्री देव डूंठाबली हनुमान जी को गंगा जमुना सरजू नर्मदा आदि के जल से एवं दूध दही शहद घी आदि से अभिषेक किया जाएगा. भगवान को सिंदूर अर्पण कर 6 किलो चांदी की भव्य पोशाक अर्पण होगी. भगवान का श्रृंगार संतोष सोनी मारुति के द्वारा किया जाएगा एवं भगवान को छप्पन भोग अर्पण होगा महाआरती रात 8 बजे 1100 दीपों से सभी भक्तों के द्वारा महाआरती की जाएगी. श्री राम मारुती धाम मंदिर लहदरा नाका भोपाल रोड में पिताश्री केसरी जी मां अंजनी देवी एवं 21 फुट के बड़े हनुमान की पूजा अर्चना होगी.

युवती का तलवार लेकर हंगामा, मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

सागर 27 जुलाई. शहर के सबसे व्यस्त बस स्टैंड क्षेत्र में रविवार देर रात एक युवती ने हाथ में धारदार हथियार लेकर हंगामा किया. बीच सड़क पर हथियार लहराते हुए युवती गाली-गलौज करती रही, जिससे मौके पर मौजूद यात्रियों और राहगीरों में दहशत फैल गई.

घटना के समय उसके साथ दो युवक और एक अन्य युवती भी मौजूद थे. काफी देर तक चले इस हाईवोल्टेज ड्रामे को लोगों ने अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर लिया. देखते ही देखते इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती हाथ में धारदार हथियार लेकर सड़क पर इधर-उधर घूमती रही और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए हंगामा करती रही. बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में अचानक हुए घटनाक्रम से लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई.

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद गोपालगंज थाना पुलिस सक्रिय हुई. पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर युवती की पहचान कर उसे तलाश लिया. कार्रवाई के दौरान उसके कब्जे से धारदार हथियार और घटना में इस्तेमाल की गई स्कूटी जब्त कर ली गई. गोपालगंज थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच के बाद युवती के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है. साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि युवती के साथ मौजूद दोनों युवक और दूसरी युवती की घटना में क्या भूमिका थी. घटना शहर के मुख्य बस स्टैंड क्षेत्र में हुई, जहां दिन-रात यात्रियों की आवाजाही रहती है. ऐसे संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाके में खुलेआम हथियार लेकर हंगामा होने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं. समय रहते पुलिस कार्रवाई नहीं करती तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था.

कारगिल विजय उत्सव एवं सम्मान समारोह

नवभारत न्यूज

सागर 27 जुलाई. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में कारगिल विजय उत्सव एवं सम्मान समारोह के अंतर्गत कारगिल युद्ध में सहभागिता करने वाले तीन सैनिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया.

स्वागत भाषण देते हुए डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि कारगिल विजय भारतीय सेना के शौर्य और वीरता की कहानी बताती है. भारतीय सेना ने अपने इतिहास की सबसे दुर्गम विजय प्राप्त कर यह सिद्ध किया था कि युद्ध हथियारों से नहीं साहस और जुनून से लड़ा जाता है. मुख्य अतिथि मेजर एससी शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना भले ही विश्व में चतुर्थ स्थान पर है लेकिन हमारे सैनिक अपनी वीरता के

लिए प्रथम स्थान पर हैं. विशिष्ट अतिथि मेजर गिरीराज सिंह ने कहा कि जब तक आप अपने आप को नहीं संभालते तब तक आप देश को नहीं संभाल सकते औरअपने आप को संभालने के लिए अपनी आदतों को संभालना होगा. कैप्टन उपेंद्र भदौरिया जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि गर्व का विषय है कि 10 सैनिकों ने देश की रक्षा के लिए शहादत दी है. एड. वीनू राणा ने कहा कि इन अधिकारियों के द्वारा पढ़ाया गया पाठ आपको परीक्षा में तो नहीं आएगा लेकिन जीवन में बहुत काम आएगा. सूबेदार श्री राम अहिरवार, सूबेदार बृजेश कुमार ने संबोधित किया. संचालन डॉ अमर जैन प्राध्यापक ने किया. आभार डॉ राणा कुंजर ने माना. कार्यक्रम में डॉ अभिलाषा जैन, डॉ अवधेश प्रताप सिंह,डा दयाराम राजपूत, लेफ्टिनेंट डा जयनारायण यादव,लेफ्टिनेंट कीर्ति रैकवार, डा भानुप्रिया पटेल, डा वसुंधरा गुप्ता सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे.

दो पक्षों के 9 घायल हुए

बीना. मनोरमा वार्ड में घर के सामने बैठकर एक पक्ष के लोग आपस में तेज आवाज में गलियां दे रहे थे, दूसरे पक्ष के मना करने की बात को लेकर बीती रात दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया. जिसमें दोनों पक्षों से 9 लोग घायल हो गए, जिसमें से दो लोगों को गंभीर हालत में सागर रेफर कर दिया गया. घायल कैलाश कुशवाहा ने बताया कि उसका मकान मुख्य सड़क पर बना हुआ है. बेटा रवि और दामाद कपिल घर के बाहर बैठकर आपस में चर्चा कर रहे थे. इसी दौरान तेज आवाज में बात करने को लेकर गंगाराम प्रजापति, तुलसी, मोहित, राजू,अनिल प्रजापति, सुनील सहित अन्य लोगों ने आकर विवाद करना शुरू कर दिया. वार्ड पार्षद रश्मि कुशवाहा के पिता कैलाश कुशवाहा,भाई हनी कुशवाहा, रवि कुशवाहा एवं मां आशा कुशवाहा घायल हुई है, उन्होंने आरोप लगाया कि लाठी-डंडों और हथियारों से हमला किया गया है.

बावड़ी में कूदे बुजुर्ग की मौत

नवभारत न्यूज

सागर 27 जुलाई. मोतीनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नागेश्वर मंदिर के सामने स्थित प्राचीन चौपड़ा बाबड़ी में एक बुजुर्ग द्वारा छलांग लगा दी. जिससे पानी में डूबने के कारण मौत हो गई.

स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और व्यक्ति की तलाश शुरू कराई. शुरुआती प्रयासों में सफलता नहीं मिलने पर एसडीईआरएफ की मदद ली गई. टीम आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंची और बाबड़ी में व्यापक सर्च ऑपरेशन शुरू किया. टीम ने बोट, कांटे और अन्य रेस्क्यू संसाधनों की सहायता से लगातार करीब चार घंटे तक पानी में खोजबीन की. लंबे अभियान के बाद टीम को बाबड़ी से एक शव मिला, जिसे बाहर निकालकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया. पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान कमल किशोर रुसिया निवासी बड़ा बाजार के रूप में हुई है. पुलिस की शुरुआती जांच के अनुसार, घटना से कुछ समय पहले मोहल्ले की एक महिला ने लुंगी और बनियान पहने एक व्यक्ति को बाबड़ी में छलांग लगाते हुए देखा था. महिला ने तुरंत आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी. मोतीनगर टीआई जसवंत सिंह राजपूत ने बताया कि बाबड़ी से शव बरामद कर लिया गया है. मृतक की पहचान होने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई गई. आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है.

दो बच्चों सहित महिला ट्रेन के आगे कूदी, तीनों की मौके पर ही मौत

नवभारत न्यूज

ललितपुर 27 जुलाई. जाखलौन थाना क्षेत्र के धौर्रा रेलवे स्टेशन के पास महिला ने दो मासूम बच्चों के साथ ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली. घटना में महिला, दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई.

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंची तथा शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है. पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान थाना जाखलौन के ग्राम धौर्रा निवासी दीपा यादव पत्नी विक्की यादव के रूप में हुई है. उसके साथ उसके दो मासूम बच्चों शिवांगी लगभग 5 वर्ष और कृष लगभग 2 वर्ष की भी ट्रेन से कटकर मौत हो गई. घटना धौर्रा रेलवे स्टेशन और रणछोड़ रेलवे क्रॉसिंग के बीच हुई. सूचना मिलते ही जाखलौन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जीआरपी ललितपुर से समन्वय स्थापित किया. जीआरपी ने नियमानुसार पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

रक्तदान शिविर संपन्न

बीना. विधिक सेवा समिति बीना के तत्वावधान में कोर्ट परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ. तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं द्वितीय जिला न्यायाधीश संजय जैन प्रथम जिला न्यायाधीश देवेंद्र कुमार कुंड यू न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती मीनाक्षी शर्मा जोशी एवं मृदुल जैन की उपस्थिति में शुरुआत की सर्वप्रथम एड. भूपेंद्र राय एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी ने सर्वप्रथम रक्तदान किया गया. कार्यक्रम के दौरान तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं द्वितीय जिला न्यायाधीश संजय जैन ने कहा रक्तदान महादान है.

विकास कार्यों में अनियमितताओं के आरोप

नवभारत न्यूज

ललितपुर 27 जुलाई. नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली को लेकर नगर पालिका की हाल ही में आयोजित बोर्ड बैठक को लेकर पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है.

वार्ड संख्या-18 के सभासद आलोक जैन मयूर के नेतृत्व में कई सभासदों ने झांसी मंडल के आयुक्त को शिकायती पत्र भेजकर बोर्ड बैठक को निरस्त करने तथा पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नगर पालिका प्रशासन ने नगर पालिका अधिनियम की धारा 87(ख) के

प्रावधानों की अनदेखी करते हुए बिना वैधानिक कोरम के बैठक आयोजित कर दी. पार्षदों का कहना है कि बैठक के दौरान 26 में से 14 सभासदों ने विरोध दर्ज कराया था, इसके बावजूद मात्र 10 से 15 मिनट में सभी प्रस्तावों को आनन-फानन में पारित घोषित कर दिया गया, जो पूरी तरह नियमों के विपरीत है. पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका द्वारा शहर में कराए जा रहे विकास कार्यों के टेंडरों में कई वार्डों की लगातार उपेक्षा की जा रही है. इससे अनेक क्षेत्रों के नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं. शहर में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भी बेहद खराब बताई गई.